Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to permit retrofitting of CNG kit in BS6 vehicles-laid.

श्रीमती शारदा अनिल पटेल (**महेसाणा**): पेट्रोलियम प्रोडक्टस के वैश्विक इस्तेमाल की वजह से सारी दुनिया में प्रदूषण बढ़ रहा है । इससे बचने के लिए CNG का इस्तेमाल बढ़ रहा है । साल २०२० से भारत सरकार द्वारा BS6 वाहनों में CNG किट की RETROFITMENT CENTRE को परमिट नहीं दी गई हैं । सिर्फ ओटो मोबाइल कंपनियों को ही CNG फिटिंग के साथ गाड़ी बेचने की मंजूरी है । लेकिन इस की वजह से हर एक कंपनी के वहाँ CNG गाड़ी की वेटिंग की लम्बी लिस्ट हो गयी है और कीमत भी महँगी हो गयी है । अगर कोई RETROFITMENT CENTRE से CNG किट लगवाता है तो उसका पंजीकरण RTO में नहीं हो सकता और उसकी वजह से उस वाहन को बीमा भी नहीं मिल सकता । पूरे देश में लाखों छोटे और बड़े RETROITMENT CENTRE हैं, इनमें लाखों कारीगर काम कर रहे हैं । जिसकी वजह से लोगों को रोजगार का अवसर मिला हुआ है । किन्तु स्वीकृति नहीं मिलने से इन सभी को आर्थिक एवं मानसिक मुश्किलों का सामना करना पड रहा है । इन सभी बातों के दृष्टिगत BS6 वाहनों को CNG किट RETROFITMENT CENTRE लगाने की अनुमति दी जाए और उसे RTO पंजीकरण की भी मंजूरी दी जाए ऐसा सरकार से अनुरोध है ।